**न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)**
**पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS**

प्रकरण संख्या : 27 / 2025
रजिस्ट्रेशन नं. : 2025 / 33

| राजस्थान राज्य जरिये श्री उम्मेद मल टेलर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज) | बनाम | अभियुक्त :– श्री भंवर लाल गुर्जर पुत्र श्री गेबीलाल गुर्जर निवासी घाटोल रोड, खाटू श्याम मंदिर के पास, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स वागड दुध डेयरी, घाटोल रोड, खाटू श्याम मंदिर के पास, बांसवाडा (राज.) |
|---|---|---|

**अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011**

## निर्णय

दिनांक 04–08–2025

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री उम्मेद मल टेलर** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **30–06–2025** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **25–04–2025** को दौराने निरीक्षण 10.45 ए.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स वागड दुध डेयरी, घाटोल रोड, खाटू श्याम मंदिर के पास, बांसवाडा** पर पहुंचा तो वहाँ पर **श्री भंवर लाल गुर्जर पुत्र श्री गेबीलाल गुर्जर** मिले **विक्रेता की उपस्थिति में परिसर** का निरीक्षण करने पर खाद्य पदार्थ **भैस का दुध (लूज) फ्रीज में 20 लीटर स्टील की टंकी में रखा हुआ था। जिसको एफ.एस.एस.ए 2006 के तहत देखने पर मानक स्तर का नही होने एवं मिलावट का** शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **भैस का दुध (लूज) 2 लीटर** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत **120/–** रु. विक्रेता को नगद चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **भैस का दुध (लूज) को चार साफ सुखे एवं खाली प्लास्टिक के जारो में डालकर उनमे परीक्षक फॉर्मलीन की 40–40 बूंदे प्रत्येक भाग में डालकर एयर टाईड ढक्कन बंद कर चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा का कोड **W-2120** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी व सील बंद किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर मौका फर्द रिर्पोट

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:37:30 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

तैयार कर विक्रेता एवं गवाहान को पढकर, सुनाकर, हस्ताक्षर करने को कहा, जिन्होने स्वयं ने भी पढकर, सुनकर, समझकर एवं सही मानकर हस्ताक्षर किये स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये।

कार्यालय पहुचकर फार्म नंबर 6 की प्रतियाँ तैयार की प्रत्येक पर सील मोहर कर एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खा़द्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खा़द्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए / 2025 / 272 दिनांक 04–06–2025** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **543 दिनांक 05–05–2025** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **भैस का दुध (लूज)** का नमुना कोड क्रमांक **W-2120** Substandard food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। उक्त नमुने की पुनः जांच हेतु विक्रेता द्वारा पुनः निर्धारित समयावधि में अपील नही की गयी।

विक्रेता द्वारा **भैस का दुध (लूज)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 51 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 01–07–2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपीगणो को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 04–08–2025 को अप्रार्थी ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर परिवाद में अंकित आरोपो को स्वीकार कर निवेदन किया कि भविष्य में इस प्रकार की कोई गलती की पुनरावृति नही की जायेगी नरमी का रुख अपनाते हुए कम से कम जुर्माना लगाये जाने निवेदन किया।

आरोपीगणो की ओर से अपराध स्वीकार किया गया है अतः किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अभिहित अधिकारी खा़द्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक **एफ.एस.एस.ए / 2025 / 272 दिनांक 04–06–2025** एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक **543 दिनांक 05–05–2025** अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **भैस का दुध (लूज)** का नमुना कोड क्रमांक **W-2120** Substandard food under section 3(1)(zx) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:17:30 IST
Reason: SelfAttested

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1)(zx) के तहत सब स्टेण्डर्ड पाया गया **भैस का दुध (लूज)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

2006 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की धारा 51 में निर्धारित है। अतः आरोपी को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री भंवर लाल गुर्जर पुत्र श्री गेबीलाल गुर्जर निवासी घाटोल रोड, खाटू श्याम मंदिर के पास, बांसवाडा (विक्रेता/ मालिक) मैसर्स वागड दुध डेयरी, घाटोल रोड, खाटू श्याम मंदिर के पास, बांसवाडा (राज.) को रूपये 10,000/– (अक्षरे दस हजार रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 04–08–2025 खुले न्यायालय सुनाया गया।

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति0 जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.09.18 11:37:30 IST
Reason: SelfAttested